बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू॰ एन॰ सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी॰ एल॰ दास)

Truth Will Triumph

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

पत्र संख्या.........................

पटना
दिनांक... 15-10-2000

प्रेस विज्ञप्ति

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की बैठक संघ भवन में श्री डब्लू०एन० सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई एवं हड़ताल की समीक्षा की गई। विभिन्न जिलों से प्राप्त सूचनानुसार हड़ताल की शत प्रतिशत सफलता एवं सदस्यों का हौसला बुलन्द देख कर राज्य सरकार को गुमराह करने वाले वरिष्ठ नौकरशाह घबड़ा गये हैं और इस घबड़ाहट में कई जिलाधिकारियों को हड़ताल तोड़ने की साजिश रचने का आदेश दिया है। कई जिलाधिकारी ने हमारे सदस्यों को बुलाकर हड़ताल की अवधि के लिए अवकाश की स्वीकृति करने हेतु सरकार को अनुशंसा भेजने का झाँसा देकर हड़ताल तोड़ने का अनुरोध किया है। संघ ऐसे चाटुकार एवं पैरवी पुत्र जिलाधिकारी/उपायुक्तों को सावधान करना चाहती है कि वे इन हरकतों से बाज आयें अन्यथा हमारे सदस्य उनके इस सपने को ध्वस्त कर देगें।

बासा की हड़ताल को लम्बा खींचने तथा सम्मानजनक समझौता न करने के पीछे सरकार का स्पष्ट मकसद है कि अन्य सभी सेवा संघ भविष्य के लिए सीख ग्रहण कर लें। इसी परिपेक्ष्य में हम राज्य के तमाम सेवाकर्मियों, राजपत्रित एवं अराजपत्रित संघों को आगाह करना चाहते हैं कि वे सरकार की इन साजिशों को समझें और अपनी जायज माँगों की पूर्ति के लिए शीघ्र आन्दोलन करने का निर्णय लें। यह इसलिए भी आवश्यक है कि बेसिक ग्रेड के वेतनमान की माँग से लेकर सेवानिवृति की उम्र सीमा बढ़ाने तथा अन्य सभी केन्द्रीय सेवा शर्तें जो हम सबों की सामान्य माँगे हैं की पूर्ति के लिए आन्दोलन के सिवा कोई विकल्प नहीं रह गया है। तमाम संघों को यह भी विश्वास दिलाना चाहते हैं कि हम अपनी माँगों को लिए बगैर आन्दोलन से वापस नहीं होंगें, यह हमारा दृढ़ संकल्प है, चाहे इसके लिए हमें जितनी भी कुर्बानी देनी पड़े।

आम जनता हमारी हड़ताल से तंग एवं परेशान है। विकास एवं राजस्व कार्य ठप्प है। विधि-व्यवस्था की स्थिति अत्यन्त दयनीय हो चुकी है दंगा-फसाद एवं गुण्डा-गर्दी दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। ऐसे में राज्य का अमन-चैन एवं सुख-शांति कैसे कायम रह सकता है? हमें हड़ताल का कोई शौक नहीं है बल्कि सरकार ने हमारे साथ समझौता कर उसका अनुपालन नहीं करके हमें ठगने का

कृ०पृ०उ०----2

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

Truth Will Triumph

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

पत्र संख्या.........................

पटना
दिनांक.........................

काम किया है। हमारे बार-बार अनुरोध के बावजूद हमारी स्वीकृत एवं निर्विवाद माँगों को समय पर पूरा नहीं करके हमें आन्दोलन करने को मजबूर किया इसके लिए सरकार के साथ-साथ वरिष्ठ नौकरशाह खासकर कार्मिक सचिव जिम्मेवा हैं।

संघ का यह स्पष्ट मानना है कि अगर कार्मिक सचिव समय पर सभी स्तरों पर प्रोन्नति देने की कार्रवाई किया होता तो बहुत सम्भव था कि हम आन्दोलन पर जाते ही नहीं और इसी परिपेक्ष्य में हमने कार्मिक सचिव के निलंबन की माँग की है। राज्य के वरिष्ठ नौकरशाहों की मनमानी, निकम्मेपन एवं सरकार का गलत सलाह दिये जाने के कारण संघ ने अपने तमाम सदस्यों की सेवा झारखंड राज में सौंपने का अनुरोध किया है। पता नहीं क्यों सरकार उन वरिष्ठ नौकरशाहों की गलत सलाह मानने को बाध्य एवं विवश है?

हमारे सभी सदस्य हड़ताल जारी रखें। सरकार का खुद-ब-खुद सामने आकर समझौते के सभी बिन्दुओं का अनुपालन करना होगा।

"संघ एकता जिन्दाबाद"

गंगाधर 14.10.2000 (हस्ताक्षर)

(गंगाधर लाल दास)
महासचिव

(हस्ताक्षर) 14/X/2000

(वजीन्द्र नारायण सिंह)
अध्यक्ष

ज्ञापांक-192 दिनांक-14. 10. 2000.

प्रतिलिपि- निदेशक, आकाशवाणी/दूरदर्शन, पटना/ब्यूरो प्रमुख पी०टी०आ० यू०एन०आई०/एक्सप्रेस मिडिया सर्विस/समाचार सम्पादक, सभी हिन्दी/अंग्रेजी दैनिक को प्रसारण एवं प्रकाशन हेतु प्रेषित।

गंगाधर 14.10.2000 (हस्ताक्षर)

(गंगाधर लाल दास)
महासचिव